an>

Title: Need to commence 'Hub and Spoke' operations from the Vadodara Airport.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा) : महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं। मैं आपके माध्यम से आदरणीय नागरिक उड्डयन मंत्री जी के समक्ष मेरे वडोदरा के लोकसभा में परिचालित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट पर हब एंड स्पोक ऑपरेशन प्रारंभ करने की मांग रखना चाहती हूं। महोदया, आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से वड़ोदरा में देश का दूसरा नव-निर्मित ग्रीन एयरपोर्ट टर्मिनल भवन का लोकार्पण दिनांक 22.10.2016 को हुआ था। वड़ोदरा एयरपोर्ट प्रतिदिन 10 से 12 डोमेस्टिक फ्लाइट का परिचालन करता है। अभी तक अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा के लिए गुजरात के 33 जिलों के तमाम हवाई यात्री अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्भर रहते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर का नव-निर्मित ग्रीन एयरपोर्ट टर्मिनल भवन केवल वड़ोदरा और आस-पास के 10 जिले ही नहीं, किन्तु पूरे गुजरात के लिए एक नए विकल्प के रूप में प्रस्थापित हुआ है। वड़ोदरा देश का 18वां और राज्य का तीसरा बड़ा शहर है। महोदया, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहती हूं कि वड़ोदरा के इस अंतराष्ट्रीय स्तर का नव-निर्मित ग्रीन एयरपोर्ट टर्मिनल भवन, कस्टम, इमिग्रेशन, सिक्योरिटी और एयर कार्गो के समावेशन शक्ति के साथ अनेक व्यापार वाणिज्य की संभावना प्रदान करने का सामर्थ्य रखता है।

जो केवल वडोदरा ही नहीं बल्कि गुजरात के अन्य शहरों के बाजार के अर्थतंत्र को नई गति प्रदान कर सकता है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्री जी से यह मांग करती हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

डा.कुलमणि सामल तथा

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रंजनाबेन भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।